तिवारी ने किया छठे राष्ट्रीय फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स साइंस सम्मेलन का उद्घाटन

नयी दिल्ली : मुख्य अतिथि मनोज तिवारी (सांसद, उत्तर-पूर्व दिल्ली) ने शुक्रवार को छठे राष्ट्रीय फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स साइंस सम्मेलन का उद्घाटन किया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पेफी) भारत सरकार के खेल एवं युवा मामले मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली के संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के पहले दिन का आकर्षण कोविड महामारी के बाद खेलों एवं शारीरिक शिक्षा का नए सिरे से जागरण रहा।

दैनिक उत्तम हिन्दू

निगम चुनाव टालना जनतंत्र के लिए ठीक नहीं : केजरीवाल

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

नयी दिल्ली : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निगम चुनाव टालने के दिल्ली चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का आयोग को चिट्ठी लिखकर चुनाव टालने को कहना और आयोग का केंद्र के सामने झुक कर चुनाव टालना, दोनों ही जनतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

केजरीवाल ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अभी चुनाव होने वाले थे। नौ मार्च को दिल्ली चुनाव आयोग ने सुबह-सुबह प्रेस को निमंत्रण भेजा कि आज शाम पाँच बजे चुनाव आयोग एमसीडी के चुनावों की तारीखों का एलान करेगा। किस तारीख को नामांकन होगा, किस तारीख तक नाम वापस लिए जा सकता हैं और चुनाव किस तारीख को होंगे आदि। शाम पांच बजे चुनाव की तारीखों का ऐलान होने वाला था और उसके एक घंटा पहले शाम चार बजे केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी कि हम दिल्ली के तीनों नगर निगमों को एक नगर निगम बनाने जा रहे हैं इसलिए आप यह चुनाव टाल दीजिए। इसके बाद शाम पांच बजे दिल्ली चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के कहे मुताबिक चुनाव को टाल दिया। शायद आजादी के बाद भारत के 75 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ होगा कि केंद्र सरकार ने सीधे किसी राज्य के चुनाव आयोग को चिट्ठी लिख कर चुनाव टालने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के मन में दो-तीन बातें चल रही हैं। सात-आठ साल से केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। अगर इनको तीनों एमसीडी को एक करना था, तो पिछले सात साल में इन्होंने क्यों नहीं किया? चुनाव की तारीखों के एलान के एक घंटा पहले इनको अचानक याद आई कि तीनों एमसीडी को एक करना है, इसलिए चुनाव को टाल दिया जाए। लोग कह रहे हैं कि एमसीडी को एक करना तो केवल एक बहाना है। असली मकसद तो चुनाव टालना था, क्योंकि भाजपा को लग रहा था कि अगर दिल्ली नगर निगम के चुनाव होंगे, तो आम आदमी पार्टी की जबरदस्त लहर है। उस लहर में भाजपा बह जाएगी और हार जाएगी, इसलिए चुनाव टालने की मंशा से यह किया गया है।

केजरीवाल ने जानबूझकर रोका एमसीडी के विकास कार्यों का फंड : स्मृति

नयी दिल्ली : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के विकास कार्यों का फंड जानबूझकर रोका। ईरानी ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल एमसीडी में सुधार नहीं चाहते इसलिए पिछले सात वर्ष के अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में एमसीडी का फंड रोक दिया, जिनसे पार्कों, अस्पतालों और सामुदायिक केंद्रों का विकास होना था। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने एमसीडी को 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान नहीं किया। उन्होंने सफाईकर्मियों का पैसा भी रोका। केंद्रीय मंत्री ने कहा 'मैं केजरीवाल से अनुरोध करती हूं कि वह लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई 'निगमों' के काम को न रोकें जो जमीनी स्तर पर काम करते हैं। अगर वह लोकतंत्र का समर्थन करते हैं तो निगमों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द करें।' उन्होंने कहा कि यह हास्यास्पद है कि श्री केजरीवाल की जिस आम आदमी पार्टी (आप) को उत्तर प्रदेश में नोटा से भी कम वोट मिले , उत्तराखंड में उनके उम्मीदवारों की जमानतें जब्त हुई, गोवा में छह फीसदी से भी कम वोट मिले, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि श्री केजरीवाल ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार के दबाव में आयोग ने एमसीडी के चुनाव टालने की घोषणा की।

केजरीवाल सरकार पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक हर संभव मदद के लिए वचनबद्ध : गौतम

नई दिल्ली : समाज कल्याण मंत्री श्री राजेंद्र पाल गौतम आज गुरु तेग बहादुर हॉस्पिटल दिलशाद गार्डन में दिव्यांगजन सहायता शिविर में शामिल हुए। समाज कल्याण विभाग के उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय द्वारा आयोजित शिविर में दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार सहित कई अन्य सामाजिक संस्थाएं भी शामिल हुई। इस दिव्यांगजन शिविर में जिला शाहदरा सहित दिल्ली निवासियों को दिव्यांग जन से जुड़ीं विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे, विकलांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, डिजिटल विकलांग प्रमाण पत्र, डीटीसी पास, रेलवे विभाग पास, लोन, सहायक उपकरण जैसी अनेक सेवाऐं हाथों हाथ प्रदान की गईं। साथ ही इस शिविर में सभी को दिल्ली की केजरीवाल सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी सभी को अवगत कराया गया। इस शिविर में लगभग 1 हजार लोगों का यूडीआईडी पंजीकरण हुआ। विकलांगता सहायता कैंप के अंतर्गत धारणा यह है कि एक ही छत के नीचे दिव्यांग जनों को सभी सुविधाएं प्रधान की जाएं। जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण जल्दी हो और उन्हें अपने छोटे छोटे कार्यों के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़ें। इस शिविर के माध्यम से पहली बार दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने थैलेसीमिया से प्रभावित लगभग 100 दिवांगजनों का विकलांग प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया की शुरुआत की। अभी तक यह सुविधा केवल दिल्ली के आरएमएल तथा एआईआईएमएस तक ही सीमित थी। अब यह सुविधा दिल्लीवालों को दिल्ली सरकार के जीटीबी अस्पताल में भी मिलेगी। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक हर संभव मदद के लिए वचनबद्ध है। साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही दिव्यांगजनों के लिए नई योजनाओं को उनके जीवन में और गुणवत्ता लाने के लिए दिल्ली सरकार प्रयास कर रही है और बहुत जल्द क्रियान्वित शुरू करेगी। साथ ही केजरीवाल सरकार का प्रयास है की दिव्यांग जनों के लिए हर जिले में जल्द ही एक थैरेपीयूटिक पुनर्वास केंद्र की स्थापना की जाए। जिसके लिए विभाग को पहले से ही निर्देशित किया जा चुका है

विधायक हरपाल ढांडा ने किया धर्मशाला का शिलान्यास

- 49 लाख 61 हजार रुपए की लागत से बनेगी सर्वजातीय धर्मशाला

पानीपत/कौशिक : पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के भाई एवं समाजसेवी हरपाल ढांडा ने वार्ड 24 के कुलदीप नगर में 49 लाख 61 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सर्वजातीय धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर समाजसेवी हरपाल ढांडा का कालोनी वासियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। वहीं हरपाल ढांडा ने कहा कि धर्मशाला के बनने से आस-पास के सभी लोगों को अपना कोई भी कार्यक्रम करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि विधायक महीपाल ढांडा द्वारा ग्रामीण हलके की कालोनियों में जरूरत के अनुसार सामुदायिक केंद्रों, धर्मशालाओं व चौपालों आदि का निर्माण कार्य करवाया गया है ताकि स्थानीय कालोनी वासियों को शादी समारोह व अन्य कार्यक्रम करने में कोई दिक्कत न हो। इस मौके पर पार्षद मनजीत कौर, प्रदीप अग्रवाल, अमित राणा, कपिल राणा, जितेंद्र अहलावत, अतर सिंह प्रजापत, दिलबाग सोंलकी, इंद्र चौहान, राजपाल हरिनगर, सुरेन्द्र जोगी, ओमदत्त, रामधन, नरेश, जशमेर, ओमप्रकाश, रतिया, फूला राम, बलबीर, सुरजीत, सुरेश राठी, सुरेन्द्र पाल, रमेश पाल व कर्म सिंह आदि मौजूद रहे।

पानीपत के वार्ड 24 के कुलदीप नगर में धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हरपाल ढांडा।

आईबी कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला

पानीपत/कौशिक : आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा गृहविज्ञान विभागाध्यक्षा डा. सीमा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने किया। उन्होने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आर्ट और क्राफ्ट ऐसा विषय है जिसके द्वारा हमें अपनी छिपी हुई प्रतिभा का पता चलता है। हम इस विषय में निपुण होकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं और अपने परिवार का जीवन स्तर ऊंचा उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशाला का उद्देश्य उमंग और उत्साह के साथ अपनी छिपी हुई प्रतिभा को उकेरना है। कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षिका अल्का जैन ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि जब भी ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए उन्हें अपनी जरूरत होगी। वें हर संभव मदद करेंगी। प्राचार्य डा. अजय गर्ग ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक कार्य छात्राओं में नई ऊर्जा का संचार करके स्वरोजगार की भावना पैदा करते हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने गृहविज्ञान के सदस्यों को बधाई दी। गृहविज्ञान प्राध्यापिका अंशिका का कार्यशाला में विशेष योगदान रहा।

आईबी कालेज में तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेते बच्चे व अन्य।

कीर्ति गाबा को यंग जर्नलिस्ट अवार्ड से नवाजा

पानीपत/कौशिक : इंटरनेशनल वुमन डे पर पानीपत की कीर्ति गाबा को यंग जर्नलिस्ट का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम इंडिया स्टार कम्युनिटी अवॉर्ड द्वारा किया गया। इसमें भारत से विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं को आगे आने का अवसर मिला। कार्यक्रम में कला, खेल, कुकिंग, मेकअप, टीचर जर्नलिस्ट जैसे विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें हर डिजविंग इंस्पिरेशन वूमेन को यह मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में हर क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं में से एक बेस्ट महिला का चयन हुआ। जिसमें पानीपत की कीर्ति गाबा को यंग जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर के लिए सम्मानित किया गया। कीर्ति गाबा पेंटिंग, कविता लेखनी, डांसिंग स्कल्स जैसी विभिन्न प्रतिभाओं में भी अपना हुनर हमेशा आगे रखती हैं।

कीर्ति गाबा को यंग जर्नलिस्ट अवार्ड से नवाजी।

आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप 2022 में अनीश भनवाला ने जीता स्वर्ण पदक

- 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता

फरीदाबाद/मनोज तोमर : मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज के बीबीए के छात्र अनीश भनवाला ने आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप 2022 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 400 में से 370 अंकों के साथ फाइनल में जगह बनाई और भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही, अनीश भनवाला ने आईएसएसएफ शूटिंग विश्व कप 2022 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मेन्स टीम में भारत के लिए रजत पदक भी जीता। अनीश की इस उपलब्धि पर शुक्रवार को मानव रचना शैक्षणिक संस्थान की ओर से उपाध्यक्ष डॉ. अमित भल्ला ने बधाई देते हुए कहा कि मानव रचना विभिन्न खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के साथ-साथ समाज के लिए विकास गतिविधियों में सक्रिय रूप से कार्य करता है। अनीश की इस उपलब्धि के साथ, मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द मानव रचना राष्ट्र के लिए ओलंपिक पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि अनीश 2017 से भारतीय शूटिंग टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने 2018 में कॉमनवेल्थ गेम्स, सुहल में हुए आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2017, ब्रिसबेन

में हुए कॉमनवेल्थ शूटिंग चैंपियनशिप 2017, 2018 में गुआदालाजारा में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप और 2018 में सिडनी में हुए आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड में हिस्सा लिया था। कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में, अनीश ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता और 15 साल की कम उम्र में कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने। अनीश मानव रचना शूटिंग अकादमी में नियमित रूप से अभ्यास करते हैं। 2019 में राष्ट्रपति भवन में हुए कार्यक्रम में खेल से लेकर विज्ञान और सामाजिक कल्याण तक विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय पराक्रम हासिल करने वाले 26 देशभर के छात्रों को यह सम्मान दिया गया था , जिनमें से एक अनीश भी थे।

जेएनयू छात्र शरजील इमाम मामले में दिल्ली सरकार को नोटिस

नयी दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीएए और एनआरसी के विरोध में कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में आरोप पत्र तय किये जाने संबधी निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली जेएनयू छात्र शरजील इमाम की याचिका पर सुनवाई के बाद शुक्रवार को दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति एके मेंदीरत्ता की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने शरजील की याचिका पर सुनवाई के बाद दिल्ली सरकार से विस्तृत जवाब मांगा। पीठ ने दिल्ली सरकार को संबंधित मामले में सभी प्रासंगिक दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। मामले की अगली सुनवाई के लिए 26 मई की तिथि मुकर्रर की गयी है। शरजील के वकील अहमद इब्राहिम ने न्यायालय से कहा कि निचली अदालत इस बात की तस्दीक करने में पूरी तरह से विफल रही है कि हिंसा के लिए उकसाने या हिंसा के आह्वान को लेकर किसी भाषण को गैरकानूनी गतिविधियां एवं रोकथाम अधिनियम की धारा 124-ए और 13 के तहत किसी भी आपराधिकता के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता का विश्वास पूरी तरह से बरकरार : अश्वनी त्रिखा

- 4 राज्यों में भाजपा की अप्रत्याशित जीत पर भाजपाईयों ने कराया एक दूसरे का मुंह मीठा

फरीदाबाद/मनोज तोमर : उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भाजपा पार्टी द्वारा बहुमत से सरकार बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नए जोश का संचार हुआ है। इसी कड़ी में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री एवं नगर निगम के वार्ड नंबर 17 के वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण चौधरी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बडखल की विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा के निवास पर पहुंचकर वरिष्ठ भाजपा नेता अश्वनी त्रिखा एडवोकेट का मुंह मीठा कराया और भाजपा की इस बड़ी जीत पर उन्हें बुक्का भेंट करके बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता अश्वनी त्रिखा एडवोकेट ने भी सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाते हुए इसे कार्यकर्ताओं व आम जनता की जीत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सशक्त भारत का सपना संजोया है, अब उस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे है और पांच राज्यों के चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया कि देश की जनता का विश्वास आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति पूरी तरह से बरकरार है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के परिणाम से यह भी साबित हो गया कि जनता विपक्षी दलों के झूठे सब्जबाग में अब नहीं आने वाली और वह विकास को चुनेगी। श्री त्रिखा ने कहा कि उत्तरप्रदेश में भी विकास और सुशासन की जीत हुई है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने यूपी की तस्वीर बदलने का काम किया है, चाहे वह विकास का मामला हो या फिर कानून व्यवस्था हर मोर्चे पर सरकार ने कड़े फैसले लिए और जनता के हितों में कार्य किए।

इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी ने कहा कि पूरे देश में आज भी प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी की आंधी बरकरार है और पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने साबित कर दिया कि हरियाणा में होने वाले निकाय व निगम चुनावों में भी भाजपा ही विजयी परचम लहराएगी। इस अवसर पर हरेंद्र भड़ाना, राकेश भंडारी, मंजीत अवाना, नितिन रावत, श्रीराम फागना, सुभाष दलाल, अशोक काला, सतेंद्र पांडेय सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

पंजाब की जीत पर 'आप' ने निकाली विजय रैली

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

फरीदाबाद/मनोज तोमर : पंजाब चुनावों में बहुमत हासिल करने पर आम आदमी पार्टी द्वारा मनाए जा रहा जश्न रुकने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के हरियाणा सह प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के निर्देशानुसार पूरे हरियाणा में विजय रैली निकालकर जश्न मनाया गया। फरीदाबाद में जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में बडख़ल विधानसभा स्थित बडख़ल झील चौक से विजय रैली का शुभारंभ किया गया। इस रैली में सैंकड़ों कार्यकर्ता अपने-अपने वाहनों को लेकर शामिल हुए और बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई इस यात्रा को एनआईटी विधानसभा, बल्लभगढ़, तिगांव एवं फरीदाबाद विधानसभा में घुमाया गया।

यात्रा में सैंकड़ों वाहनों का काफिला शामिल था। सभी वाहनों पर आम आदमी पार्टी की झंडी लगी हुई थी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भागवत मान जिंदाबाद के नारे लगते रहे। विजय यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में अलग ही जोश देखने को मिल रहा था। रैली को सम्बोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी जिस प्रकार से पहले दिल्ली, अब पंजाब और आगे हरियाणा में आने वाली है। कार्यकर्ताओं का जोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। हमारा अगला लक्ष्य फरीदाबाद विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करना है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जीत का जश्न पूरे हरियाणा में मनाया जा रहा है और यह जश्न पूरे तीन दिन तक चलेगा। भड़ाना ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने प्रचंड जीत हासिल की है और इसी खुशी में आज विजय यात्रा निकाली गई है और तीन दिन के अंदर फरीदाबाद की 5 विधानसभाओं को कवर किया जाएगा। पंजाब की जीत को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब की जीत का इफेक्ट हरियाणा में अवश्य दिखाई देगा और आने वाले समय में हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार होगी। यात्रा को सम्बोधित करते हुए मेयर पद के उम्मीदवार ओ पी वर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रचंड जीत से आज प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साहित है और उम्मीद से ज्यादा लोगों ने इस विजय यात्रा में शिरकत की है। संगठन सचिव विनोद भाटी एवं जिला सचिव भीम यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की नीतियों से आज हर कोई प्रभावित है और उन्हीं के रोल मॉडल से प्रभावित होकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है। प्रदेश की जनता इस बार मन बना चुकी है कि हरियाणा में भी इस बार आम आदमी पार्टी को मौका देगी। इस विजय यात्रा में मंजू गुप्ता, विनय यादव, राहुल बैसला, ओमप्रकाश वर्मा, राकेश, संदीप राव, शुभांकित गुप्ता, नरेंद्र सरोहा, सिकन्दर शर्मा, सुमित यादव, मिलन, हंसराज दायमा, शिवनारायण दुबे, सुरेन्द्र गुप्ता, फुल महेश, हरजिन्दर सिह मेहदीरत्ता, हरिदत्त शर्मा, बीना वशिष्ठ, भोपाल कश्यप, वाई के शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, के.एल बंसल, सुनील ग्रोवर, राजूदीन, रघुवर दयाल, जोगेंद्र चंदीला, मनीष भाटिया, इन्द्रा सिह, परमजीत कौर, हैप्पी सिह, चन्दन, मोहित गोयल, सलमा, विनोद शर्मा, दिनेश, मनोहर विरमानी, विजय गोदारा, रनधीर भडना, स्यामबीर, अशोक, विनोद, सुमन वष्सिट, डी एस चावला, संजय जुनेजा राजकुमार, रोशन आदि शामिल थे।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तृतीय मंजिल, 302-303, पर्ल-वर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतु और ऋणदाता(ऐं) और इंटर(ऐं) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरेड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा फिजीकल कब्जा **'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है'** और **'जो भी है वहां है'** के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र.	ऋणदाता (ऐं)/सह ऋणदाताओं/ इंटरों/कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ऐं) के साथ परिचित बाधा यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	मनोज कुमार शर्मा (ऋणदाता) विक्की फिलिप थॉमस (सह-ऋणदाता) ऋण खाता संख्या LHDKB00001320803	प्लॉक जी पॉकेट 5 सैक्टर 11 रोहिणी प्लॉट नं. 13 दिल्ली दिल्ली 110085	रु. 3,11,13,509.00/- (जैसे 10 मार्च, 2022 तक)	रु. 2,91,60,000/- रु. 29,16,000/-	24 मार्च 2022 को प्रात: 11 बजे से सायं 2.00 बजे तक	28 मार्च 2022 को सायं 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- **https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC)** पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **25 मार्च 2022 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, 302-303, पर्ल वर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **25 मार्च 2022 सांय 4 बजे** से पहले जमा करना होगा।, कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव जमा करने में असमर्थ हैं तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, 302-303, पर्ल वर्ट हाइट्स-एल, नेताजी सुभाष प्लेस, वजीरपुर, पीतमपुरा, दिल्ली-110034** पर **25 मार्च 2022 सांय 5 बजे** से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड'** के पक्ष में **पीतमपुरा, दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निविदाओं के भेजने या नीलामी की नियमों और शर्तों की जांच के संबंध में किसी अगले स्पष्टीकरण के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** या 7021072869 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: मार्च 12, 2022
स्थान: पीतमपुरा, दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड